# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

**(द्वितीय सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 6 मार्च, 2018 /15 फाल्गुन, 1939 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - कृषि मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री तथा वन मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 15**

----

### डुम्मी-कड़ेची सड़क

*1 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि डुम्मी-कड़ेची सड़क नाबार्ड के अन्तर्गत निर्मित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि व्यय की जा रही है; और

(ग) इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

### भवन निर्माण

*2 **श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार New Mumbai में हिमाचल भवन के निर्माण का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो प्लॉट हेतु कितनी धनराशि जमा की गई; और

(ग) भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## 132 KWA सब-स्टेशन

*3 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पूर्व सरकार ने बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 132 KWA सब-स्टेशन स्थापित करने की अधिसूचना जारी की है; यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित कर दिया जायेगा ?

----

## नौतोड़/पट्टे का आबंटन

*4 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि उच्चतम न्यायालय की रोक के बावजूद जनजातीय क्षेत्रों में कर्मचारियों व सेना के कर्मचारियों को नौतोड़ भूमि व स्वीकृत नौतोड़ के पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इन्हें कब तक नौतोड़ भूमि व स्वीकृत पट्टे आबंटित किए जाएंगे; और

(ग) दिनांक 1 जनवरी, 2016 से 15 फरवरी, 2018 तक कितने नौतोड़ के मामले स्वीकृत किए गए, तथा कितने लम्बित हैं; ब्यौरा उपमण्डलवार दें?

----

## इको टूरिज्म योजना

*5 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में इको टूरिज्म योजना कब प्रारम्भ की गई;

(ख) क्या इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोज़गार देने का प्रावधान है; यदि हां, तो कितने युवाओं को रोज़गार दिया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत कितने इको टूरिज्म प्रोजैक्ट बाहरी कम्पनी और स्थानीय लोगों को दिए गए; ब्यौरा नाम, पते सहित दें?

----

## अनुसूचित जाति उप योजना

*6 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में प्रदेश में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत कितनी सड़के एवं

पुल स्वीकृत किए गए; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ख) वर्तमान में कितनी योजनाएं किन कारणों से अधूरी हैं; पूर्ण ब्यौरा दें?

----

## बस सुविधा

*7 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षो में रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने नये रूटों पर बसें चलाई गई और ऐसे कितने रूट हैं जिन पर बस सुविधा नहीं है; और

(ख) इस अवधि में कितनी नई बसें इस क्षेत्र को उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता की डी0पी0आर0

*8 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न विधायक प्राथमिकता योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 बनाकर केन्द्र को भेजी गई; ब्यौरा दें?

----

## सब्जी मण्डी निर्माण

*9 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि थरमटी कैंची फागु में सब्जी मण्डी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## सफारी जंगल

*10 **श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने सफारी जंगल हैं और क्या सरकार इसके लिए नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## अग्निशमन केन्द्र बिझड़ी

*11 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पूर्व सरकार द्वारा बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिझड़ी में अग्निशमन केन्द्र खोलने की अधिसूचना जारी की थी; और

(ख) यदि हां, तो इस केन्द्र में स्टाफ, अग्निशमन वाहन एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं कब तक प्रदान की जाएंगी ?

----

## परवाणू-सोलन फोरलेन

*12 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) परवाणू से सोलन राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर फोरलेन का कार्य कब आरम्भ किया गया व कब तक पूर्ण किया जाना है; इस कार्य की अनुमानित लागत कितनी है; ब्यौरा दें; और

(ख) सड़क निर्माण के कारण हो रहे प्रदूषण से बचाव हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## वाहनों/मशीनों की मरम्मत

*13 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में बिलासपुर मैकेनिकल मण्डल (लोक निर्माण विभाग) ने कितने वाहनों और मशीनों की मरम्मत की; ब्यौरा अलग-अलग दें; क्या नए-पुराने पुर्ज़ों के रख-रखाव हेतु रजिस्टर लगाया गया है; और

(ख) क्या प्रदेश के अन्य मण्डलों में भी ऐसी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पंजीकृत समितियाँ

*14 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वन मण्डल कार्यालय, पांवटा साहिब के अन्तर्गत कितनी महिला वन समितियां पंजीकृत है;

(ख) गत तीन वर्षों में इन समितियों ने किस-किस बीट में कितने हैक्टेयर में कितना पौधारोपण किया है; व जीवित दर कितनी प्रतिशत रही बीटशः ब्यौरा दें; और

(ग) प्रतिवर्ष पौधारोपण पर कितना व्यय किया गया बीटशः ब्यौरा दें?

----

## रोहडू-चिड़गांव-धमवाड़ी सड़क

***15 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में रोहडू-चिड़गांव-धमवाड़ी सड़क पर कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ख) इस सड़क की मेटलिंग एवं टारिंग का कार्य कब आरम्भ होगा और कितने Black Spot ऐसे हैं जिनका कार्य शुरू होना है; और

(ग) इस सड़क पर रेलिंग किस-किस जगह पर लगाई गई है और कहां-कहां लगनी प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 22 फरवरी , 2018.** **सचिव।**